## हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पुलिस ने जस्सासिंह मार्ग टी पाइंट के पास युवक को 5.94 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। युवक पदमपुर रोड स्थित श्याम नगर हाउसिंग बोर्ड का रहने वाला हे और वह यह हेरोइन लेकर जस्सासिंह मार्ग टी प्वाइंट पर खड़ा था। इसी दौरान कोतवाली पुलिस को यहां एक युवक के हेरोइन लाने की सूचना मिली। इस पर जस्सासिंह मार्ग के आसपास नजर रखी। यहां एक युवक नजर आया जिसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास 5.94 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। युवक संभवतः हेरोइन बेचने के इरादे से इस इलाके में निकला था। इसी दौरान डीएसटी को इस इलाके में युवक के पास हेरोइन होने की जानकारी मिली। इस पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। युवक का हुलिया बताया गया। मिली जानकारी के आधार पर टीम मौके पर भेजी गई। वहां बताये गए हुलिए वाला युवक नजर आने पर उसे रोका गया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया। इस पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास हेरोइन मिली। युवक रोहित चानणा पुत्र तिलकराज चानणा पुरानी आबादी के हाउसिंग बोर्ड का रहने वाला है। उससे यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक यह हेरोइन कहां से लाया गया। उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। वहीं श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। घड़साना पुलिस ने आरोपी के पास से 43 किलो 710 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। घड़साना थाना प्रभारी कलावती चौधरी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में चक 3 जीडी के रहने वाले भूरासिंह पुत्र ओम सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# 'ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों के कार्य 31 मार्च तक पूर्ण कराएं'



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**हनुमानगढ़,**(कासं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मनरेगा, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर कानाराम ने स्वामित्व योजना अंतर्गत प्रोपर्टी पार्सल वितरण की धीमी गति पर चिंता जताई और अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी।

- **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित**

उन्होंने कहा कि इस कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए और ब्लॉक और जिला स्तरीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमजन को भी आमंत्रित किया जाए।

इसके अलावा मनरेगा के तहत व्यक्तिगत लाभ और खेल मैदानों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने की बात कही गई। जिला कलेक्टर ने जिले में 100 ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों के निर्माण की प्रतिबद्धता जताई और निर्देश दिए कि सभी खेल मैदानों के कार्य 31 मार्च तक पूर्ण कर लिए जाएं। सभी ग्राम पंचायतों में पौधशाला निर्माण के लिए वन विभाग से मनरेगा के 100 दिनों तक के लिए लगाये गए स्थाई श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जाए। कार्य आदेश जारी करने वाली 200 ग्राम पंचायतों में 31 जनवरी तक कार्य शुरू करवाए जाए।

गौरतलब है कि जिले में 200 ग्राम पंचायत में 1387 लाख रुपए से अधिक की लागत से पौधशालाओं के कार्य स्वीकृत किए गए है। साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना 2.0 के कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को दूसरी किश्त वितरित करने की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिले में 2024-25 अंतर्गत हनुमानगढ़ में सर्वाधिक 100, टिब्बी में 65 सहित 284 मेटों को लापरवाही के कारण ब्लैक लिस्ट किया गया। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत 122 प्रगति कार्यों की रिपोर्ट भेजने के आदेश भी दिए गए। जिले में नवनिर्मित 32 आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शीघ्र निरीक्षण और सूचना भेजने के निर्देश दिए गए। शहरों की तर्ज पर गांवों में भी डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए जिले की 221 ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए आरआरसी का निर्माण भी किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सिर्फ कचरा संग्रहण नहीं है, बल्कि आमजन के व्यवहार में परिवर्तन लाना है। गांव में इसको लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जाए तथा वार्डों में वार्ड पंच की जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले की 180 ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण की शुरूआत की जानकारी दी। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ओपी बिश्नोई, एसीईओ श्री सुनील कुमार छाबड़ा, पंचायत समिति के खंड विकास अधिकारी व तकनीकी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## रेंज में 11 इंस्पेक्टरों के तबादले

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर रेंज में 11 इंस्पेक्टर और इतने ही सब इंस्पेक्टर के तबादले किए गए हैं। इनमें तीन इंस्पेक्टर बीकानेर से दूसरे जिलों में गए और चार इंस्पेक्टर को लाया गया है। चार एसआई भी दूसरे जिलों में गए हैं और इतने ही बीकानेर जिले में लगाये गए हैं। बीकानेर जिले के एसपी बुधवार को लिस्ट जारी पुलिस थानों में एसएचओ लगायेंगे।

बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने 11 इंस्पेक्टर और इतने ही एसआई की तबादला लिस्ट जारी की है। बीकानेर जिले से लक्ष्मण सिंह राठौड़, राजेश कुमार व सुदर्शन कुमार को हनुमानगढ़ भेजा गया है। श्रीगंगानगर से अनिल कुमार, विकास बिश्नोई, महेश कुमार सीला, जयपुर रेंज से आये सुभाष बिजारणिया को बीकानेर जिले में लगाया गया है। सतपाल बिश्नोई को हनुमानगढ़ से, जोधपुर आयुक्तालय से आये विजय कुमार मीणा, जयपुर रेंज से आये सुभाषचन्द और आरपीए जयपुर से बीकानेर रेंज में आये रामकुमार को श्रीगंगानगर जिले में भेजा गया है। इनके अलावा 11 एसआई के भी जिले बदले गए हैं।

बीकानेर से नवनीत सिंह व जयवीर सिंह को श्रीगंगानगर, नरेन्द्र कुमार व संजू रानी को हनुमानगढ़ भेजा है। हनुमानगढ़ से सुरेश कुमार, श्रीगंगानगर से सुशीला कुमारी, राजीव रॉयल व जयकुमार भादू को बीकानेर लाया गया है। इसके अलावा श्रीगंगानगर से राकेश सांखला व हरबंश लाल को हनुमानगढ़ भेजा गया है। हीरालाल को श्रीगंगानगर लगाया गया है। इससे पहले भी आईजी ने 8 इंस्पेक्टर और चार एसआई की लिस्ट जारी की थी।

## सार-समाचार

### रैन बसेरे में गद्दे व रजाई भेंट




रैन बसेरे में इन्द्रा देवी व दीपक हर्ष ने पिता रतन हर्ष की स्मृति में गद्दे व रजाईयां भेंट की।

**बीकानेर,**(कासं)। करूणा इंटरनेशनल बीकानेर से प्रेरित होकर एक और परिवार ने आज आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल के पास बने श्रीकृष्ण सेवा संस्था रैन बसेरे में कैंसर पीड़ितों व उनके परिजनों के लिए इन्द्रा देवी हर्ष के पुत्र दीपक हर्ष ने अपने पिता रतन हर्ष की स्मृति में 14 रजाईयों का वितरण किया। करूणा इंटरनेशनल बीकानेर के सचिव राजेश रंगा ने बताया कि करुणा क्लब ने इससे पूर्व भी नगर विधायक के सानिध्य में 400 से अधिक कंबलों का वितरण व पिछले दिनों में करूणा क्लब के निदेशक जतन दुग्गड़ के सानिध्य में व लीला देवी के कर कमलों से 14 गद्दों का वितरण व आज करूणा क्लब की प्रेरणा से इन्द्रा देवी हर्ष के कर कमलों से 14 रजाईयों का वितरण रैन बसेरे में किया गया। करूणा इंटरनेशनल के आशीष रंगा ने बताया कि आज जो 14 नई रजाईयों का वितरण दीपक हर्ष द्वारा किया गया है वह सराहनीय है। इसी प्रकार करूणा इंटरनेशनल बीकानेर शहर की विक्रि शालाओं के बच्चों को प्रेरित करके करूणा अहिंसा, शाकाहार, पर्यावरण संरक्षण आदि कार्य निरन्तर कर रही है। इसी कड़ी में इस रैन बसेरे में भी समय-समय पर विभिन्न प्रकार से सहयोग किया जाता है। श्री कृष्णा सेवा संस्था के महेन्द्र सोनी ने करूणा क्लब के इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि इससे मरीजों के साथ-साथ संस्थान को भी काफी राहत मिली है। इस अवसर पर इन्द्रा हर्ष, ऋचा हर्ष, दीपक हर्ष, प्रियांशु हर्ष, तेजेश, वसुंधरा, गिरिराज खैरीवाल, घनश्याम साध, सौरभ बजाज एवं श्रीकृष्ण सेवा संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र समारोह की तैयारी बैठक



गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक को कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर कुलसचिव बी.एल सर्वा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। गणतंत्र समारोह पर कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ध्वजारोहण कर सलामी देंगे। बैठक में कुलसचिव ने गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य व गरिमामय आयोजन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों के लिए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। बैठक में अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, कार्यकारी अधिष्ठाता एवं निदेशक क्लीनिकस प्रो. प्रवीण बिश्नोई, निदेशक मानव संसाधन विकास प्रो. राहुल सिंह पाल, अधिष्ठाता डेयरी महाविद्यालय, बीछवाल प्रो. मनीषा माथुर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. पंकज थानवी, समन्वयक जनसम्पर्क प्रकोष्ठ डॉ. देवीसिंह, प्रभारी खेलकूद डॉ प्रवीण पिलानिया, ए.एन.ओ. डॉ. सुनिता चौधरी, प्रभारी लैण्डस्केप डॉ. देवेन्द्र सिंह एवं विभिन्न कमेटियों के प्रभारी उपस्थित थे।

### शीतला माता मंदिर का भूमि पूजन

**नोखा,** (कासं)। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नोखा गांव में शीतला माता का भव्य मंदिर बनाया जायेगा। मंदिर का निर्माण करीब दो करोड़ रूपए की लागत से किया जायेगा। मंदिर वर्ष 2026 तक बनकर तैयार हो जायेगा। बुधवार को नोखा गांव के शीतला माता मंदिर परिसर में भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम भामाशाह सुंदरलाल सुराणा व उनकी धर्मपत्नी रंजूदेवी सुराणा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ करवाया। पूर्व सरपंच मेघसिंह राठौड़ ने बताया कि नोखा गांव में पीपल गट्टे के पास स्थित ओपन कुआं में से शीतला माता की प्रतिमा निकली थी। उस प्रतिमा को शीतला माता तालाब के पास स्थापित किया गया। करीब 80 साल पहले यहां एक मंदिर निर्माण ठाकुर रूपसिंह के द्वारा करवाया गया था। अब ये मंदिर काफी पुराना और जर्जर अवस्था में हो चुका है। जिसका भव्य नवनिर्माणअब नोखा शहर सहित ग्रामीणों के सर्वसमाज के लोगों के जनसहयोग से करवाया जायेगा। मंदिर के पास माता शीतला के तालाब का जीर्णोद्धर 2009-10 में पूर्व सरपंच मेघसिंह राठौड़ ने मनरेगा योजना के तहत करवाया था। करीब 25 लाख की लागत से खुदाई व बंधाई का कार्य करवाकर भव्य स्वरूप दिया गया था। इस दौरान मेघसिंह राठौड़, सुन्दर लाल सुराणा, गंगाराम लूणावत, पन्नालाल दाधीच, शंकरसिंह बालेचा, अशोक व्यास, शिवसिंह पडिहार, बाबूसिंह पडिहार, जेठूसिंह पडिहार, संताराम ढाका, शंकरलाल पंचारिया, चंपालाल पंचारिया, लादूसिंह राठौड़, किशनाराम नाई, मोड़ाराम सियाग, गोपाल गोदारा, महावीर सिंह टीटी, शैतानसिंह, टिक्कू ढाका, मुरली गोदारा, पाबूराम सुथार, कुंभ सिंह, उत्तम लूणावत, सुंदर सोनी, रामेश्वर पंचारिया, सुरेन्द्र सांखला मौजूद थे। सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मंदिर की डिजाइन इस तरह से की गई है कि शीतला के मंदिर के सामने प्राचीन व भव्य शीतला तालाब होगा। मंदिर की डिजाइन इस तरह से की गई है तालाब से शीतला माता के चरणों में वंदन करते हुए नजर आएगा।

# खारा क्षेत्र की 50 पी.ओ.पी. फैक्ट्रियों में लगाये पी.सी.एम.

**बीकानेर,**(कासं)। खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी की फैक्ट्रियों से होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर एनजीटी में 4 फरवरी को जवाब पेश होना है। इसे देखते हुए पॉल्यूशन कंट्रोल मेजर्स लगाने का काम तेज हो गया है।

- **खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी की फैक्ट्रियों से होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर एनजीटी में 4 फरवरी को जवाब पेश होना है**

खारा औद्योगिक क्षेत्र में पीओपी की कुल 125 फैक्ट्रियों में से 50 में पॉल्यूशन कंट्रोल मेजर्स (पीसीएम) लग चुके हैं। ये सभी फैक्ट्रियां लगातार चल रही है। अन्य फैक्ट्रियों में काम चल रहा है। इन सभी फैक्ट्रियों में डस्ट कलेक्टर और वाटर स्क्रबर के टैंक लगाये जा रहे हैं। भट्टी से धुआं डस्ट कलेक्टर में आयेगा तो पर्टिकुलेट मैटर नीचे बैठ जायेंगे। उसके बाद धुआं दूसरे ड्रम में भरे पानी से होकर चिमनी के जरिए बाहर निकलेगा। इस प्रक्रिया से प्रदूषण फैलाने वाले कण ड्रम में ही रह जायेंगे। इन दिनों खारा में चिमनियों से सफेद धुआं निकल रहा है। खारा गांव में भी हालात पहले जैसे नहीं हैं। मिनरल जोन की कुछ फैक्ट्रियों में प्रोडक्शन भी शुरू हो गया है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी लगातार फैक्ट्रियों पर नजर रखे हुए हैं।

पीसीएम लगाने में तकनीकी खामियां मिलने पर उन्हें तत्काल दुरूस्त कराया जा रहा है। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि सभी फैक्ट्रियों में पीसीएम लगने के बाद जयपुर से टीम जांच के लिए आयेगी। वह टीम तय करेगी कि पीसीएम पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के पैरामीटर में हैं या नहीं। खारा उद्योग संघ के अध्यक्ष परविंदर सिंह का कहना है कि पीसीएम लगाने के लिए स्थानीय स्तर पर किया गया प्रयोग ही सफल साबित हुआ है। दरअसल खारा गांव में वायु प्रदूषण का स्तर पीएम 10 से अधिक हो गया था। इसे लेकर एनजीटी में भी एक परिवाद दायर किया जा चुका है। एनजीटी ने कलेक्टर और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं।

राजकुमार मीणा, क्षेत्रीय अधिकारी, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का कहना है कि खारा की पीओपी फैक्ट्रियों में पीसीएम लगाने का काम चल रहा है। इसके लिए गाइडलाइन और पैरामीटर जयपुर मुख्यालय तय करेगा। पूरे क्षेत्र की रोज मॉनिटरिंग की जा रही है।

## गायों को लापसी खिलाई

**नोखा,** (कासं)। यहां विप्र सेना की टीम ने बुधवार को एक अनूठी पहल करते हुए जनसेवक सुखदेव सारस्वत के सहयोग से कड़कड़ाती सर्दी में गौवंश गली-मोहल्लों में घूम रही निराश्रित गायों और नंदियों को सवा क्विंटल लापसी बनाकर खिलाई।

तहसील उपाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने बताया कि लापसी बाजरी, गुड़ और देसी घी से तैयार की गई। सुखदेव सारस्वत के अनुसार इस मौसम में गोवंश को लापसी खिलाने से उन्हें गर्मी मिलेगी और सर्दी से बचाव होगा। उन्होंने कहा कि मूक प्राणियों की सेवा से न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि जीवन की कई बाधाएं भी दूर होती हैं। विप्र सेना न केवल गरीबों और पीड़ितों की मदद कर रही है बल्कि बेसहारा पशुओं की सेवा में भी निरंतर सक्रिय है। इस सेवा कार्य में मालचंद सारस्वत, पंडित राधेश्याम महाराज, शिवरतन, भवानी सारस्वत, विजय सारस्वत, रणजीत सिंह, पूर्णिमा पांडे और लता पारीक ने सहयोग किया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के भादरा थाना क्षेत्र में हिसार बायपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने बताया कि विक्रमजीत (30) पुत्र साजनराम सांसी निवासी मुन्सरी पीएस गोगामेड़ी ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई कश्मीरी लाल पुत्र साजन राम और चचेरा भाई तारांचद पुत्र जग्गूराम निवासी मुन्सरी मंगलवार को बाइक से भादरा शहर के आस पास के गांवों में फेरी का कार्य करने के लिए गए थे।

हिसार बायपास की ओर से नोहर की ओर अजय होटल के पास पहुंचे तो सामने से आई ब्रेजा कार का ड्राइवर तेज गति और लापरवाही से चलाता हुआ आया और बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ताराचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। ताराचंद का भादरा के अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**छत से गिरे घायल की मौत :** गंगानगर में निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा रामलाल कॉलोनी में 29 दिसम्बर को हुआ था। युवक की मौत 13 जनवरी को हुई। मृतक के पिता की ओर से जवाहर नगर थाने में परिवाद देकर मर्ग दर्ज करवाई गई है। हैड कांस्टेबल गुलाबसिंह को घटना की जांच सौंपी गई है।

# पीलीबंगा में 142 पेटी अवैध शराब की पकड़ी

**हनुमानगढ़,**(कासं)। यहां पीलीबंगा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग वाहनों से कुल 142 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है और चार तस्करों को गिरफ्तार किया।

- **स्कॉर्पियो से 72 पेटी व एक्सयूवी से 70 पेटी अवैध शराब बरामद**

एसआई सुमन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात को अमृतसर-जामनगर भारतमाला रोड पर रोही जाखड़ांवाली में पहली कार्रवाई की। एक स्कॉर्पियो से 72 पेटी शराब बरामद की गई। इस मामले में जालौर जिले के कुंडकी निवासी पूनमचंद बिश्नोई और पूनमचंद पूनिया को गिरफ्तार किया गया।

इसी रात दूसरी कार्रवाई में हैड कांस्टेबल अशोक कुमार की टीम ने एक्सयूवी 500 से 70 पेटी अवैध शराब बरामद की। वाहन में सवार जालौर जिले के शंकरलाल और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी शराब पंजाब निर्मित विभिन्न ब्रांड की थी। थाना प्रभारी अशोक बिश्नोई के अनुसार दोनों मामलों में राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस सफल कार्रवाई में कांस्टेबल राकेश रमाणा, रिंकू कुमार और रमेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गरीब बच्चों को स्वेटर बांटे

**देशनोक,** (कासं)। रामप्रताप हनुमानदास मूंधड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट ने सरकारी स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए स्वेटर वितरित किए।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डोगिवाल की ढाणी नीमड़ी धोरा, पांचू में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से सरिता मूंधड़ा के नेतृत्व में स्वेटर वितरण किया गया। देशनोक नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंधड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनारायण कस्वां, शिक्षक विमल सोनी, निशा चौधरी, अनिता मीना और सुमन कुमारी की उपस्थिति में बच्चों को स्वेटर पहनाए गए। इस अवसर पर स्थानीय अभिभावक गणेशाराम डोगिवाल और कुंभाराम डोगिवाल भी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनारायण कस्वां ने मूंधड़ा परिवार का आभार व्यक्त किया।

# सिंचाई पानी की मांग को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भाखड़ा नहर के किसानों ने बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों की मुख्य मांग नहर में पानी की मात्रा 1250 क्यूसेक करने की है, जो वर्तमान में घटाकर 850 क्यूसेक कर दी गई है।

- **भाखड़ा नहर में पानी कम होने से किसानों का आक्रोश**
- **850 क्यूसेक की जगह 1250 क्यूसेक पानी की मांग**

भारतीय किसान यूनियन के नेता जगमीत सिंह बराड़ के अनुसार, पहले नहर में 1800 क्यूसेक पानी चलता था, जिसे क्रमशः घटाकर 1600, फिर 1250 और अब 850 क्यूसेक कर दिया गया है। पानी की कमी से क्षेत्र में सरसों, गेहूं और जौ की फसलें बर्बाद हो रही है।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जायेगी, धरना जारी रहेगा और वे अपनी खेती बचाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। वे यहां से मांग अनुसार पानी लेकर ही जायेंगे। चाहे इसके लिए उन्हें लम्बा आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। उनकी मांग है कि भाखड़ा नहर में 1250 क्यूसेक पानी चलाया जाए तभी किसानों की फसलें बच सकती हैं। किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और लम्बे आंदोलन की तैयारी के साथ सड़क पर डेरा डाल दिया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा एक बार में सीमित पानी देने की बात कही जा रही है, जिसे किसान स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

किसान नेताओं का कहना है कि विभागीय मुख्य अभियंता से इस मुद्दे पर बात की गई लेकिन उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। किसानों का आरोप है कि सरकार उन्हें हर बार आंदोलन के लिए मजबूर करती है।

# शिविर लगाकर दूध की शुद्धता जांची, 22 में से 18 सैम्पल फैल




उरमूल डेयरी ने 'दूध का दूध- पानी का पानी' शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में जेएनवी पुलिस थाना के सामने लगाये सरदार सरस बूथ पर लोगों द्वारा लाये दूध की शुद्धता जांची।

**बीकानेर,** (कासं)। उत्तरी राजस्थान सहकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बीकानेर (उरमूल डेयरी) द्वारा दूध का दूध-पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जेएनवी पुलिस थाना के सामने सरदार सरस बूथ पर शिविर आयोजित कर स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा लाये गए दूध के सैम्पल की निःशुल्क जांच की। अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 22 सैम्पल आये जिसमें से 18 सैम्पल फैल और केवल 04 सैम्पल पास हुए।

बूथ संचालक सरदार इन्द्रजीत सिंह ने भी जांच शिविर में सहयोग किया। उरमूल डेयरी के प्रबन्ध निदेशक बाबूलाल बिश्नोई बताते हैं कि डेयरी की एक टीम जांच शिविर लगने के पूर्व डोर टू डोर पम्पलेट वितरण कर उपभोक्ताओं को जागरूक करती है। अधिकतर दूध बेचने वाले कृत्रिम, मिलावटी दूध एवं प्लास्टिक की केन में दूध लेकर आते हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होती है। समय अन्तराल में उसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। उरमूल डेयरी नकली और मिलावटी दूध की निःशुल्क जांच के लिए सम्पूर्ण जिले में आगामी 17 फरवरी अभियान को जारी रखेगी। साथ ही डेयरी की ओर से सरस दूध का 200 मिली दूध का पाउच और नये साल का कलेंडर मुफ्त में उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है। अगला शिवर शहीद दिलीप सिंह गैस एजेंसी के सामने, मुक्ताप्रसाद कॉलोनी में आयोजित किया जायेगा।

- **उरमूल डेयरी मिलावटी दूध की निःशुल्क जांच 17 फरवरी तक करेगी**

इस अभियान पर खतुरिया कॉलोनी व जेएनवी कॉलोनी के उपभोक्ताओं गोपीराम बिश्नोई, रोहित सहगल, पूनमचंद स्वामी, राधेश्याम, ऋषिराज सिंह आदि ने उरमूल डेयरी के जांच अभियान को प्रशंसनीय कार्य बताया तथा आमजन की सुविधा के लिए पूरे साल यह दूध जांच अभियान सतत चलना चाहिए।

## नाले का गंदा पानी घरों में आने से परेशान

**बीकानेर,** (कासं)। यहां की दलित वाल्मीकि विनोबा बस्ती के अधूरे छोड़े नाले से गंदा पानी घरों में आने से मोहल्ला वासियों का जीना दुस्वार हो गया। भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस ने इसे गंभीरता से लेते हुए रोष जताया है।

भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस अध्यक्ष वाल्मीकि मुकेश राजस्थानी ने बताया कि उनके संगठन द्वारा निगम प्रशासन को निरंतर अवगत कराने के बावजूद विनोबा बस्ती स्थित गंदे नाले का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने के कारण विषम परिस्थितियां हो रही है। निगम प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान न देने पर मोहल्लावासी हर स्तर पर परेशानी झेलते हुए अपना नारकीय जीवन निर्वहन कर रहे हैं। वरिष्ठ दलित सामाजिक नेता संगठन अध्यक्ष मुकेश राजस्थानी ने नगर निगम आयुक्त मंयक मनीष को पीड़ा से अवगत कराते हुए अधूरे छोड़े गंदे नाले का निर्माण कार्य पूरा करने का आग्रह किया।

**नहर से पानी चोरी :** नहर से पानी चोरी की लगातार आ रही शिकायतों पर इन्दिरा गाधी नहर परियोजना के अधिकारियों ने सख्त रूख अपनाते हुए पानी चोरी की एफ आई आर पुलिस थाना बज्जू में दर्ज करवाई है।


**नाम संशोधन**

मैं अश्वनी कुमार जोशी पुत्र रामस्वरूप जोशी निवासी पेड़िवाल स्ट्रीट पारीक चौक बीकानेर के पासपोर्ट,कक्षा10वीं की मार्कशीट में मेरा नाम ASHWANI KUMAR दर्ज है। मेरा सही नाम ASHWANI KUMAR JOSHI है। जो मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है। भविष्य में मुझे अश्वनी कुमार जोशी के नाम से ही जाना व पहचानाा जाये।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3291 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 15.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कांता पत्नी श्री सोनू कुमार निवासी चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 4/5 किला नं. 07 में माप 25.5 इंटू 30 फीट भू.सं. बी-05श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 1326 दिनांक 11.1.2013 को श्रीमती नीलम देवी पत्नी श्री इन्द्र सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती कांता द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 9.5.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती कांता पत्नी श्री सोनू कुमार निवासी चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1269 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101227 **लोक सूचना** दिनांक : 14.01.2025

जैन वेलफेयर ट्रस्ट जरिये सिवच श्री राहुल जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार निवासी एसए-08 रिद्धि सिद्धि एन्कलेव प्रथम, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का संस्थानिक (शैक्षणिक) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 16 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर | जैन वेलफेयर ट्रस्ट जरिये सिवच श्री राहुल जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार | चक 16 एमएल मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 2 में 0.253 है. में से 0.0230 है. किला नं. 9 में 0.253 है. किला नं. 12/3 में 0.1287 है. किला नं. 19/3 में 0.0100 है. किला नं. 19/5 में 0.0736 है. किला नं. 19/7 में 0.0084 है. किला नं. 22/3 में 0.0828 है.,यथाकुल 0.5795 है. | कुल 0.5795 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14.1.2025 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर